




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 18 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 105 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3










## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार सौ वर्षीय राम सुतार का निधन



**नई दिल्ली।** प्रख्यात मूर्तिकार और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम वनजी सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके पुत्र अनिल सुतार ने यह जानकारी दी। वह 100 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। संसद परिसर में स्थापित ध्यानमग्न मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा उनकी प्रमुख कृतियों में शामिल हैं। वहीं, गुजरात में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जो देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है, ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई।

## एआई एक्सप्रेस विमान का फटा टायर केरल में करायी गयी इमरजेंसी लैंडिंग



**कोच्चि।** जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि उसने जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX 398 की बड़ी मुश्किल से इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। लैंडिंग के बाद जांच में पुष्टि हुई कि दोनों दाहिने तरफ के टायर फट गए थे।

## आजम खान को भड़काऊ भाषण मामले में अदालत ने किया बरी



**रामपुर।** भड़काऊ भाषण के एक मामले में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री आजम खान को न्यायालय ने बरी कर दिया। यह मामला आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने शहर कोतवाली में दो अप्रैल 2019 को दर्ज कराया था। आम आदमी पार्टी के नेता की ओर से दर्ज रिपोर्ट में कहा गया कि 29 मार्च 2019 को आजम खान ने सपा कार्यालय पर भाषण दिया था, जिसकी वीडियो प्रसारित हुई थी। उसमें आजम खान लोगों को तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह (वर्तमान में मंडलायुक्त मुरादाबाद) समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ भड़का रहे थे। आजम खान अपने भाषण में कह रहे थे कि ये अधिकारी रामपुर को खून से नहलाना चाहते हैं।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार 3 की मौत और 4 की हालत नाजुक

**अनुगुल।** ओडिशा के नुआपाडा जिले में गुरुवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर तिखली के पास तेज रफ्तार कार संख्या OD-26 G-8489 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि कार में कुल सात युवक सवार थे। सभी नुआपाडा जिले के कोमना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं और किसी काम से खरियार की ओर जा रहे थे।

## श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो खाई में गिरी, तीन की मौत और पांच घायल

**भवाली।** पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में तीन सैलानियों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर खाई से निकालकर भवाली सीएचसी ले जाया गया।

## विपक्ष के पुरजोर विरोध के बावजूद संसद में पास हो गया विधेयक

# जी राम जी

● सत्ता से चिपके रहने और आजादी के आंदोलन का लाभ उठाने के लिए कांग्रेस भंग नहीं की गयी, जिसे अब भंग कर देना चाहिए : शिवराज सिंह

## विपक्ष ने बताया बापू का अपमान, किया प्रदर्शन, लगाये नारे



### ● रामराज्य का सपना हो गया साकार

**नई दिल्ली।** मनरेगा के स्थान पर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीरामजी विधेयक 2025 लंबी बहस के आज लोकसभा में पास हो गया। विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने योजनाओं के नाम महात्मा गांधी के ऊपर नहीं बल्कि नेहरू परिवार के नाम पर रखे गए। विपक्षी सदस्यों ने इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने पर कड़ी चिंता जताई है और सेशन के दौरान 'महात्मा गांधी का अपमान नहीं सहेगा' जैसे नारे लगाए। जहां विपक्ष नाम बदलने पर सवाल उठा रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि यह बिल 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी देता है और गांवों का पूरा विकास करेगा।

### विपक्ष के सदस्यों ने बिल की कॉपी फाड़ दी

विपक्ष चाहता था कि बिल को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाए और इसको लेकर वेल में विरोध प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं विपक्ष के सदस्यों ने इस बिल की कॉपी फाड़ दी। वहीं, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि कानून पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है। अब यह बिल राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

### शिवराज सिंह का कांग्रेस पर हमला

लोकसभा में शिवराज सिंह ने कहा, 'गांधी जी के नाम पर रोने वाले विपक्ष को याद रखना चाहिए कि गांधी जी ने यह भी कहा था कि अब आजादी मिल गई और कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। कांग्रेस की जगह लोक सेवक संघ बनाना चाहिए। लेकिन नेहरू ने सत्ता से चिपके रहने और आजादी के आंदोलन का लाभ उठाने के लिए कांग्रेस भंग नहीं की।' उन्होंने आगे कहा, 'बापू जी के आदर्शों की हत्या कांग्रेस ने उसी दिन कर दी, जिस दिन कांग्रेस भंग नहीं की गई। जिस दिन इस देश का बंटवारा स्वीकार किया गया, इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया उसी दिन बापू के आदर्शों की हत्या हो गई। मोदी सरकार ने नरेगा सही तरह से लागू करने का काम किया है। इसमें कई तरह की कमियां थीं और मोदी सरकार ने इन कमियों को दूर किया है।' नए विधेयक के बारे में बोलते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा, 'हम बताना चाहेंगे कि इस नए विधेयक को लाने की जरूरत क्यों पड़ी। अपेक्षाकृत राज्यों के बीच फंड का बटवारा नहीं हो पा रहा था। मनरेगा में कई तरह की समस्याएं आ रही थीं। इस योजना में 60 प्रतिशत पैसा मजदूरी के लिए था और 40 प्रतिशत मैटेरियल के लिए था। मैटेरियल पर तो सिर्फ 26 प्रतिशत पैसा खर्च किया गया। मनरेगा को पूरी तरह से भष्टाचार के हवाले कर दिया गया था।'

### इस बिल के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक लड़ेंगे : खरगे



विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के अंदर जी-राम जी विधेयक के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। इसे वापस लेने की मांग की। 'महात्मा गांधी एनआरईजीए' के विशाल बैनर के पीछे, वह प्रेरणा स्थल पर गांधी प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च करते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद और सड़कों पर सरकार के इस कदम का विरोध करने का संकल्प लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, डीएमके की के कन्हीमोझी, टीआर बल्लू, ए राजा, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत और आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन सहित अन्य लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कहा, 'मोदी सरकार ने न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान किया है, बल्कि काम करने के अधिकार को भी कुचल दिया है, जो भारत के गांवों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।' वहीं, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी विरोध प्रदर्शन कर रहे सांसदों के साथ मकर द्वार पर हुए प्रदर्शनों में शामिल हुईं।

## मेहुल चोकसी को बेल्जियम की कोर्ट से बड़ा झटका

### ● प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** हजारों करोड़ के बैंकिंग घोटाले में भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत- कोर्ट ऑफ कैसेशन ने मेहुल चौकसी की भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, बेल्जियम की कोर्ट ने मेहुल चौकसी की भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि चोकसी के तर्कों में कोई दम नहीं है और वह प्रत्यर्पण रोकने के लिए कोई कानूनी या तथ्यात्मक आधार साबित नहीं कर पाए। कोर्ट ने मेहुल चोकसी पर 104 यूरो का जुर्माना लगाते हुए एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के अभियोग कक्ष के इस दृष्टिकोण को बरकरार रखा। दस्तावेज यह साबित करने के लिए अपर्याप्त थे कि उसे न्याय से खुलेआम वंचित किए जाने या अमानवीय व्यवहार का वास्तविक, वर्तमान और गंभीर खतरा है। पता चलता है कि चोकसी ने अभियोग कक्ष द्वारा एंटीगुआ से कथित अपहरण के प्रयास के दावों पर लिए गए दृष्टिकोण, इंटरपोल फाइलों के नियंत्रण आयोग द्वारा कथित घटना पर लिए गए दृष्टिकोण, मीडिया कवरेज और अन्य तर्कों के साथ-साथ निर्दोषता की धारणा के उल्लंघन के आधार पर भारत में निष्पक्ष सुनवाई न मिलने की संभावना के खिलाफ अपने तर्क प्रस्तुत किए थे।

## कोहरे के साथ ठंड की जुगलबंदी

### ● कई जिलों के लिए शीतदिवस की जारी की गयी चेतावनी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी की दोहरी मार शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 20 जिलों में अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही इन इलाकों में संभावित शीत दिवस की भी चेतावनी जारी की गई है। संभावना जताई गई है कि 20 दिसंबर तक प्रदेश में कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने वाला है। बुधवार को लखनऊ समेत, बरेली, गोरखपुर,



कुशीनगर, कानपुर में घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य रही। वहीं बहराइच, हरदोई, शाहजहांपुर आदि में दृश्यता 30 मीटर तक सिमट गई। प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री, जबकि कुछ स्थानों पर 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में घने कोहरे के साथ चुभती हुई ठंडी पछुआ हवाएं चलीं और दिन के पारे में भारी गिरावट दर्ज की गई। कई जिलों में दिन का पारा सामान्य से काफी नीचे लुढ़क गया। इससे ठिठुरन और गलन बढ़ गई। लोगों को दिन में ही अलाव का सहारा लेना पड़ा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिम भारत और मध्य भारत के ऊपर बने प्रति-चक्रवात तथा ऊपरी हवा के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कोहरा छाया हुआ है। निचले वायुमंडल में व्युत्क्रम परत बनने से दिन के अधिकांश समय दृश्यता कम रही। 20 दिसंबर तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने वाला है।

## यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए फाइनल सेंटर पीडीएफ लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की ओर से हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड एग्जाम 2026 के लिए फाइनल सेंटर लिस्ट जारी कर दी गई है। पहले जारी की गई सेंटर लिस्ट में कुछ नए परीक्षा स्थलों को शामिल किया गया है। पहले की लिस्ट में जहां 7,448 तय किये गए थे जिसे निस्तारण के बाद बढ़ा दिया गया है। अब यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं परीक्षाओं का आयोजन राज्यभर में निर्धारित कुल 8033 केंद्रों पर करवाया जायेगा। यूपी बोर्ड की ओर से सभी जिलों की सेंटर की PDF फॉर्मेट में जारी कर दी गई है जिसे स्कूल या छात्र UMPSP की ऑफिशियल वेबसाइट upmsp.edu.in पर डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही आप जिले के अनुसार इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके भी सेंटर लिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 सेंटर लिस्ट डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर विजिट करें।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 18 दिसम्बर, गुरुवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क


दीक्षांत समारोह तिथि घोषणा को लेकर श्री हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन

जनमुख डेस्क




# ईडी पर भड़की कांग्रेस

## सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी




● मैदागिन से मलदहिया तक उग्र प्रदर्शन, नारेबाजी, कई नेता किए गए हाउस अरेस्ट

वाराणसी। वाराणसी में गुरुवार को कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। महानगर कार्यालय से लेकर की मलदहिया चौराहे तक विरोध किया। पुलिस के पहरे को चकमा देकर सरकार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ईडी कार्रवाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की। यंग इंडियन मामले में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध करार दिया। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। बीजेपी कार्यालय पर प्रदर्शन करने जा रहे सभी को पुलिस लाइंस ले जाया गया। सुबह ही महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, जिलाध्यक्ष समेत अन्य कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। उनका कहना है कि गांधी वादी विचारधारा से घबराई सरकार तानाशाही तरीके से हमारे कार्यकर्ताओं को जबरिया पुलिस ने कार्रवाई की। हम कांग्रेस के लोग हैं, इस सबसे डरने वाले व दबने वाले नहीं हैं। अंतिम सांस तक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे।

## साइबर ठगों का नया फंडा

● लगा रहे आतंकी घटनाओं में मनी लॉड्रिंग का आरोप



**वाराणसी।** डिजिटल अरेस्ट करने के लिए साइबर ठग पुलवामा आतंकी हमले का नाम ले रहे हैं। जिसे शिकार बना रहे हैं उसे बता रहे हैं कि उनका नाम पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के साथ आया है। उनके बैंक खाते का उपयोग आतंकियों को धन मुहैया कराने के लिए किया गया है। इससे घबराए लोग उनके झांसे में आ जाते हैं और जांच के नाम पर अपने बैंक खाते के रुपये साइबर ठगों के संचालित बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। साइबर ठगों ने आतंकियो की मदद करने का आरोप लगाकर संजय अपार्टमेंट, काटन मिल की रहने वाली डा. अल्पना राय चौधुरी को डिजिटल अरेस्ट करके दस लाख की साइबर ठगी की। कहा आप नाम पुलवामा हुए आंतकी हमले के मनी लाड्रिंग में आया है। इसी तरह साइबर ठगों ने चितईपुर थाना क्षेत्र के विवेकानंद पुरम कालोनी निवासी सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन सुधीर नारायण उपाध्याय को डिजिटल अरेस्ट करके साढ़े सात लाख की ठगी की।

## आ गए बादल : दुबक गयी धूप



**लुढ़क गया तापमान**

● कोहरे ने कसी रफ्तार पर लगाम एक दर्जन ट्रेनें विलंबित 10 से ज्यादा विमान रद्द

**वाराणसी।** वाराणसी में दिसंबर की शुरुआत के साथ ही मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। गुरूवार सुबह शहर घने कोहरे की चपेट में रहा, जिससे दृश्यता घटकर मात्र 80 मीटर तक दर्ज की गई। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 275 रहा, जो स्वास्थ्य के लिहाज से खराब श्रेणी में आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्म कपड़े पहनकर काम पर जाते दिखे। घने कोहरे और के कारण दृश्यता कम होने के कारण चेन्नई और अहमदाबाद से वाराणसी पहुंचे विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली और विमान को नजदीकी एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, आने वाले तीन दिनों तक वाराणसी और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये पेंशनरों की समस्याएं सुनीं



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** पेंशनर्स दिवस पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जनपद के पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों से पेंशनरों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति अमित कुमार भारतीय की अध्यक्षता में मुख्य कोषाधिकारी गोविंद सिंह, विभिन्न पेंशनर्स संगठनों के अध्यक्ष/महामंत्री, वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारियों एवं पेंशनर्स की उपस्थिति में पेंशनर्स दिवस का आयोजन बुधवार को कोषागार कार्यालय के प्रांगण में किया गया। जिसमें जनपद के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पेंशनरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में एसआईआर की समीक्षा बैठक संपन्न



**वाराणसी।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, भारत निर्वाचन आयोग की अध्यक्षता में एसआईआर कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की हुई। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जनपद में चल रहे एसआईआर कार्यों की जानकारी वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त के समक्ष रखी गयी जिसमें उन्होंने जनपद में अवस्थित सभी विधानसभावार मतदाताओं की मैपिंग, संग्रहीत गणना प्रपत्रों, पिछले चुनावों के मतदान प्रतिशत, जनपद की विधानसभा वार भरे गए गणना प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति, डिजिटाइज़ किये गये फार्मों का विवरण समेत अन्य जानकारियां दी गयीं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गणना प्रपत्रों की फीडिंग, मैपिंग और एएसडी श्रेणी के मतदाताओं के सत्यापन की विधानसभावार जानकारी साझा की गई।

## कक्षा छह के विद्यार्थियों ने काव्य पाठ से किया भावविभोर

● काशी सांसद बाल कवि सम्मेलन का कमिश्नरी सभागार में भव्य आयोजन



जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )** कमीश्नरी सभागार में सांसद बाल कवि सम्मेलन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता नगर निगम वाराणसी द्वारा 26 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 तक प्रायोजित रही। कविता का विषय अविनाशी काशी, मां गंगा, विकसित भारत, स्वच्छता ही सेवा, राष्ट्रभक्ति, रहा। इस दौरान वाराणसी जनपद के विभिन्न विद्यालयों के जिसमें क्लास 6 से 8 तक के स्कूली बच्चों ने फाइनल राउंड में हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कारः 50,000, द्वितीय पुरस्कार 30,000, तृतीय पुरस्कारः 20, 000 है। भाग लेने के लिए कुल पंजीकरणः 42,292 लोगों का हुआ था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी दो वर्गों में रखे गए हैं, जिसमें क्रमशः क्लास 6से 8 और 9से 12 तक के छात्र एवं छात्रा शामिल है। कार्यक्रम में महापौर अशोक तिवारी ने बधाई एवं शुभकामना दी। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में साहित्यिक चेतना का भाव उत्पन्न होता है। जिला अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने कहा प्रधानमंत्री खेल, संस्कृति और प्रतिभाओं के उत्थान के लिए प्रेरणा देते है। विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि काशी साहित्य और कविता की भूमि है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी त्रिधा पाण्डेय कक्षा 6 स्मिथ स्कूल एवं प्रत्यूष चौरसिया कक्षा 6 दिशा कॉन्वेंट स्कूल ने फाइनल राउंड में प्रभावशाली काव्य पाठ कर सभागार में उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, कमिश्नर राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रखर सिंह, अरविंद सिंह चंद्रशेखर उपाध्याय एवं जेपी सिंह, प्रमील पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बीएचयू में 14 नए अधिकारी नियुक्त

**वाराणसी।** बीएचयू में चीफ प्रॉक्टर और छात्र अधिष्ठाता समेत 14 पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। चीफ प्रॉक्टर महिला महाविद्यालय के केमेस्ट्री सेक्शन के प्रो. संदीप पोखरिया को बनाया गया है। इससे पहले प्रो. शिव प्रकाश सिंह थे। इनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2027 तक होगा।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## इफको प्रतिनिधिमंडल संग किसानों ने किया आइसार्क में कृषि नवाचारों का अवलोकन


जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान–दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र आइसार्क, वाराणसी ने भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड इफको के एक प्रतिनिधिमंडल तथा वाराणसी क्षेत्र के 80 किसानों की मेजबानी की। यह एक्सपोज़र विज़िट नैनो-उर्वरकों सहित नवीन कृषि तकनीकों को प्रदर्शित करने और सतत कृषि पद्धतियों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इफको प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यतेंद्र कुमार, राज्य विपणन प्रबंधक, तथा डॉ. आर. के. नायक, उप महाप्रबंधक (कृषि सेवाएँ), इफको, लखनऊ ने किया। इस दौरान डॉ. विवेक दीक्षित, एफ.ओ., वाराणसी एवं उनकी टीम भी उपस्थित रही। इस भ्रमण ने वैज्ञानिकों, इफको प्रतिनिधियों और किसानों के बीच उभरती तकनीकों एवं नैनो-उर्वरकों पर विस्तृत संवाद का अवसर प्रदान किया।

## महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल का नौवां संस्करण 19 से 21 दिस.

● कबीर की कालजयी विचारधारा का उत्सव


जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** महिंद्रा कबीरा फ़ेस्टिवल अपने 9वें संस्करण के साथ 19 से 21 दिसंबर 2025 तक एक बार फिर वाराणसी लौट रहा है। यह फ़ेस्टिवल 15वीं शताब्दी के संत-कवि कबीर के जीवन, लेखन और दर्शन का उत्सव है, कबीर इस शहर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत में गहराई से रचे-बसे हैं। संगीत, कविता, कला और संवाद को एक धागे में पिरोता यह खूबसूरत फ़ेस्टिवल शहर के निवासियों और बाहर से आने वालों को बनारस की समय को मात देने वाली कलात्मक परंपराओं से रूबरू होने का अवसर देता है। घाटों पर गूंजते मंत्रों से लेकर ऐतिहासिक गलियों में धड़कती कारीगरी तक। महिंद्रा समूह के वाइस प्रेसिडेंट एवं कल्चरल आउटरीच के हेड, जय शाह ने कहा, 'महिंद्रा कबीरा फ़ेस्टिवल हमेशा से शहर में कबीर की उस कालजयी विचारधारा का उत्सव मनाता रहा है, जिसने उनके विचारों को जीवन दिया। मुख्य फ़ेस्टिवल से पहले, टीम ने तीन दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया, जिसके तहत शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों का दौरा किया गया।

## सफाई में लापरवाही पर नहीं मिलेगी माफ़ी


जनमुख डेस्क

● गंगा घाटों पर लगेंगे बायो-डाइजेस्टर शौचालय

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के घाट अब अधिक स्वच्छ व सुंदर नजर आएंगे। गंगा के सभी 84 घाटों को गंदगी मुक्त करने के लिए नगर निगम ने वहां बायो-डाइजेस्टर शौचालय व यूरिनल बनाने का निर्णय लिया है। स्मार्ट सिटी के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान महापौर ने घाटों पर बायो-डाइजेस्टर शौचालय लगवाने का निर्देश दिया। महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि गंगा घाटों की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रयागराज समाचार

### 22 दिसंबर तक घना कोहरा रहेगा



**प्रयागराज।** लगातार दूसरे दिन गलन से लोग ठिठुरते दिख रहे हैं। कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। देर रात से ही कोहरा दिखने लगा। पूरा शहर कोहरे की चादर से ढका दिखा। बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई है।

ठंड के असर से आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। घने कोहरे को देखते हुए रेलवे ने गरीब रथ और त्रिवेणी एक्सप्रेस को बुधवार के लिए निरस्त कर दिया था। इसी तरह अकासा एयर की मुंबई की उड़ान भी निरस्त रही। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी प्रो. शैलेंद्र रॉय बताते हैं कि 18 से 22 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में घने कोहरे बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में और गिरावट भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जौनपुर समाचार

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मधुबन गांव के पास बुधवार की देर शाम पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसकी बहन, भांजी और वृद्धा घायल हो गई। उपचार के लिए उन्हें दुद्धी सीएचसी पहुंचाया गया। हादसे वाली बाइक पर भाई-बहन सहित चार लोग सवार थे। बताते हैं कि बभनी थाना क्षेत्र के कोंगा गांव निवासी सकुंती (32) पत्नी कमलेश अपने डेढ़ वर्षीय बेटी राधा व भाई संजय (30) निवासी कामेश्वर नगर छतीसगढ़ के साथ बाइक से रानीताली गांव गई थी। उनके साथ रिश्ते में दादी लगने वाली सुकनी (62) निवासी नगवां भी थीं। बताया जाता है कि रानीताली में सकुंती ने अपनी बेटी की ओझाई करवाया। इसके बाद देर शाम साढ़े सात बजे के करीब सभी बाइक से वापस लौटने लगे। नौडीहा-लिलासी मार्ग पर मधुबन गांव के पास पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी।

## सुल्तानपुर समाचार

### प्रपत्रों को नहीं भरने वालों को अंतिम मौका, 26 से बनेगी मतदाता सूची



**सुल्तानपुर।** विधानसभा मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अनुपस्थित, मृतकों व स्थानांतरित मतदाताओं की खोज में बीएलओ को लगाया गया है। इस कार्य में सहयोग के लिए अन्य बीएलओ और कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक प्रपत्र नहीं भरने वाले लोगों को 26 दिसंबर तक अंतिम मौका दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर अभियान शुरू करने के बाद सबसे पहले 18.43 लाख मतदाताओं की सूची जारी की थी। इसमें शामिल मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण करके प्रपत्र भराने के निर्देश दिए गए थे। पिछले सप्ताह उप जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी सूचना में करीब 15.23 हजार मतदाताओं के प्रपत्र फीड हो गए थे। 3.23 लाख मतदाताओं में अनुपस्थित, स्थानांतरित व मृतक शामिल हैं। जिसमें अनुपस्थित मिले करीब 66 हजार मतदाताओं का सही पता नहीं चला है। इन मतदाताओं ने प्रपत्र भी नहीं भरा है। ऐसे मतदाताओं का सही पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बीएलओ ऐसे मतदाताओं के परिवार के मुखिया से संपर्क करके जानकारी जुटा रहे हैं।

## बलिया समाचार

### कोहरे में ताड़ के पेड़ से टकराई बाइक, इंटर के छात्र की मौत

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के तेंदुहरी-सगहापुर गांव के बीच मंगलवार की देर रात घने कोहरे में बाइक ताड़ के पेड़ से टकरा गई। इसमें बाइक सवार फरहान और शाकिब घायल हो गए। सीएचसी सीयर पर डॉक्टर ने फरहान को मृत घोषित कर दिया। फरहान इंटर का छात्र था। शाकिब को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

तेंदुहारी गांव निवासी फरहान (19) अपने मित्र साकिब (22) को बाइक पर बैठाकर किसी काम से सगहापुर जा रहे थे। कुछ दूर पहले ही मोड़ पर कोहरे के चलते उसकी बाइक अनियंत्रित होकर ताड़ के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी सीयर पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने फरहान को मृत घोषित कर दिया।

## भदोही समाचार

### जिले में पशुओं की दवाओं के लिए खोले जाएंगे छह जन औषधि केंद्र

**ज्ञानपुर।** जिले में अब पशुपालकों को सस्ती दर पर दवाएं मिलेंगी। उन्हें भटकने की जरूरत नहीं है। जन औषधि केंद्र की तर्ज पर जिले के छह ब्लॉकों में एक-एक पशु औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इससे जिले के करीब ढाई से तीन लाख पशुपालकों को राहत मिलेगी।

पशुपालकों को पशु मेडिकल स्टोर के मुकाबले 60 से 70 फीसदी सस्ती दर पर दवाएं मिलेंगी। केंद्र सरकार के पशुधन स्वास्थ्य नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के सभी अस्पतालों पर एक-एक केंद्र खोले जाएंगे। यहां करीब ढाई से तीन लाख पशुपालक हैं। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके सचान ने बताया कि जिले में छह पशु केंद्र खोले जाएंगे। केंद्र खोलने के लिए शासन से आवेदन मांगे गए हैं। इंसानों की तरह पशुओं को भी सस्ती दर पर दवाएं दी जाएंगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री पशु औषधि केंद्र खेलने की योजना बनाई है। जिले से आवेदन शासन को भेजे जा रहे हैं। पशु केंद्र खोलने के इच्छुक लाभर्थी आवेदन कर सकते हैं। सदर अस्पताल ज्ञानपुर के प्रभारी डॉ. विनोद यादव ने बताया कि आवेदन कैसे करना है। क्या-क्या डाक्यूमेंट कौन सी लगनी है। इसकी जानकारी इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

फार्मासिस्ट के नाम उसका पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए 120 वर्ग फीट का स्थान का प्रमाणपत्र, ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद और सहकारी समितियों के योग्य लाभार्थियों को इस योजना में प्राथमिकता प्रदान की जाएंगी।

## देवरिया समाचार

### तहसील बार एसोसिएशन ने कोतवाल को हटाने की मांग की

**देवरिया।** तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने बुधवार को एडिशनल एसपी आनंद कुमार पांडेय से मिलकर अधिवक्ता राकेश कुमार मल्ल और इनके भाई-भाभी पर दर्ज किए गए मुकदमे को स्पंज करने की मांग की। साथ ही इस मामले में शहर कोतवाल विनोद कुमार सिंह पर पक्षपात करने का आरोप लगाकर उन्हें हटाने की मांग किया। अधिवक्ताओं के दल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी आनंद कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एएसपी से कहा कि शहर कोतवाल ने पूर्व मंत्री राकेश कुमार मल्ल और इनके भाई-भाभी के ऊपर विपक्षीगण और राजनीतिक प्रभाव में प्राथमिकी दर्ज कर लिया, जबकि विपक्षीगण राकेश कुमार मल्ल ओर इनके भाई-भाभी का खेत जबरन जोत रहे थे।

## मीरजापुर समाचार

### जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत गठित जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें प्लास्टिक बेस्ड मैंनेमेट यूनिट विकास खण्ड छानबे की ग्राम पंचायत गोपालपुर में मशीनो का क्रय व सिविल वर्क आदि पर अवशेष धनराशि स्वीकृत करने के सम्बंध में चर्चा की गई। बैठक में फ्किल सलज मैनेमेंट इकाई स्थापित करने के लिए जमीन की उपलब्धता पर चर्चा। स्वच्छ भारत कोष, आर0आर0सी0 निर्माण हेतु भूमि की अनुउपलब्धता एवं विवादित ग्राम पंचायतो का विवरण, बायो गैस प्लांट की क्रियाशीलता, गंगा एक्शन प्लान आदि पर विस्तृत चर्चा कर नियमानुसार निर्णय लिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कार्यो की स्वीकृति तथा बजट प्राप्त हो चुके है। कार्यो में तेजी लाते हुए ससमय पूर्ण कराया जाए तथा जहां पर जमीन की अनुउपलब्धता है सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, ब्लाक प्रमुख कोन अनिल सिंह, ब्लाक प्रमुख सीखड़ सत्येन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, क्वार्डिनेटर विनोद श्रीवास्तव, प्रशान्त शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## चंदौली समाचार

### पारिवारिक कलह, उपेक्षा और तंगी से एक साल में पांच बुजुर्गों ने दी जान

**पीडीडीयू नगर।** जिले में चार महीने में विभिन्न कारणों से पांच बुजुर्गों ने जान दे दी। इनमें भी तीन की उम्र तो 70 वर्ष के भी पार है, इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। बुजुर्गों में आत्महत्या के आंकड़े डराने वाले हैं। जानकारों का कहना है कि पारिवारिक कलह, कमजोर आर्थिक स्थिति के अलावा अकेलापन इस तरह की घटनाओं के पीछे प्रमुख वजह है। बढ़ते पारिवारिक तनाव, उपेक्षा और कमजोर आर्थिक हालात के चलते बुजुर्ग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। अब तक युवाओं और अधेड़ों के मामले ही सामने आते थे। पिछले चार महीने में बुजुर्गों के आत्महत्या के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसमें एक बुजुर्ग ने विषाक्त पदार्थ खाकर तो चार ने फंदे पर झूलकर जान दे दी।

## गाजीपुर समाचार

### वाहन के धक्के से आरपीएफ के हेडकांस्टेबल की मौत



**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र के उतरौली-दिलदारनगर मार्ग स्थित पोक पांडेय के पोखरे के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार आरपीएफ हेड कांस्टेबल रामनिवास पांडेय (55) की मौत हो गई। वह पीडीडीयू जंक्शन में तैनात थे। बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि उतरौली गांव निवासी नितिश पांडेय ने जानकारी दी कि पिता रामनिवास पांडेय आरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर पीडीडीयू जंक्शन पर तैनात थे। एक दिन पहले वह विभागीय काम के सिलसिले में गांव आए थे। इसके बाद वह बाइक लेकर ड्यूटी के लिए निकल पड़े। उतरौली-दिलदारनगर मार्ग स्थित पोक पांडेय के पोखरे के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। नितिश पांडेय ने बताया कि पिता 1993 में आरपीएफ में भर्ती हुए थे। बताया कि वह दो भाइयों में छोटे थे। बताया कि हादसे की जानकारी आरपीएफ के अधिकारियों को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि हादसे में मृत आरपीएफ जवान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आजमगढ़ समाचार

### शराब के नशे में अचेत हुआ था वृद्ध, मौत

**बलरामपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में मंगलवार की रात शराब के नशे में सुभाष विश्वकर्मा (60) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे बिलरियागंज अस्पताल में भर्ती कराए, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुत्र अरुण के अनुसार, मंगलवार की रात सुभाष विश्वकर्मा अत्यधिक शराब पीकर घर लौटे थे। मध्य रात्रि करीब 02 बजे वह शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें अत्यधिक उल्टी होने लगी। इससे वे अचेत हो गए। परिजन उन्हें बिलरियागंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुभाष नियमित रूप से शराब का सेवन करते थे। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गोरखपुर समाचार

### गोरखनाथ ओवरब्रिज का सीएम योगी करेंगे लोकार्पण, 137.83 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है तैयार



**गोरखपुर।** शहर को एक नए ओवरब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को धर्मशाला-गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर नए गोरखनाथ ओवरब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इस ओवरब्रिज से धर्मशाला-गोरखनाथ मंदिर से होते हुए सोनौली मार्ग तक के राहगीरों की यात्रा सुगम होगी। सीएम योगी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। दोपहर बाद वह गोरखनाथ रोड पर नए ओवरब्रिज का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। धर्मशाला-गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर पड़ने वाले लखनऊ-गोरखपुर रेलमार्ग के डोमिनगढ़ व गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य क्रॉसिंग संख्या 162ए पर एक ओवरब्रिज पहले से है। इस पर ट्रैफिक लोड बढ़ने के कारण सीएम योगी के निर्देश पर मौजूदा ओवरब्रिज के समानांतर एक और ओवरब्रिज बनवाया गया है। इसके निर्माण पर 137.83 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निगम के महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार के अनुसार दो लेन के नए ओवरब्रिज की कुल लंबाई 600.653 मीटर और चौड़ाई 7.50 मीटर है। इसमें रेलवे भाग की लंबाई 76 मीटर है। गोरखनाथ मंदिर मार्ग शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है। नए ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू होते ही गोरखनाथ की तरफ आने वाले वाहनों को पुराने ओवरब्रिज पर नहीं जाना होगा। आने-जाने के लिए अलग-अलग ओवरब्रिज होने से जाम भी नहीं लगेगा। गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर दो ओवरब्रिज हो जाने से शहर के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आने-जाने वालों, सोनौली रोड आने-जाने वाले लोगों की यात्रा काफी सुविधाजनक हो जाएगी। इसके अलावा मकर संक्रांति से शुरू होकर एक माह तक लगने वाले गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन की बड़ी सहूलियत मिल जाएगी। नया गोरखनाथ ओवरब्रिज शहर में पहले से मौजूद ओवरब्रिज से विशेष है। इसके दोनों किनारों पर व्यू कटर भी लगाया गया है। इससे ओवरब्रिज के समीप के घरों की निजता बनी रहेगी।

## सोनभद्र समाचार

### तकनीकी आधारित खेती करने हेतु कृषक बन्धुओं को अधिक से अधिक किया जाये जागरूक-जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने आज राबर्ट्सगंज ब्लाक अन्तर्गत कुसी गांव में कृषक बन्धुओं द्वारा तकनीकी विधि से खेती, बागवानी की जा रही है, उसका जायजा लेने के लिए कृषक भोला के खेत पर पहुंचे। इस दौरान कृषक भोला द्वारा एक साथ पपीते के पौधे, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, सूरन, अमरूद, केला आदि की खेती व बागवानी का जायजा लिये। कृषक बन्धु द्वारा इस तरह से तकनीकी आधारित खेती को देखकर जिलाधिकारी ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में कृषक बन्धुओं द्वारा तकनीकी आधारित खेती के माध्यम से आय में वृद्धि करके अपने जीवन स्तर में सुधार ला रहे हैं। देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं, जनपद में इस तरह से तकनीकी आधारित खेती से जनपद के कृषक खुशहाल हो रहे हैं, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र की पहचान अब तकनीकी आधारित खेती से होगी, क्योंकि यहां के कृषक बन्धुओं द्वारा मिर्चा व टमाटर की खेती अधिक उत्पादन करके उसका व्यापार कलकत्ता, बंगलादेश तक निर्यात किया जा रहा है। और आय में वृद्धि का प्रमुख माध्यम बना है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत सब्जी की खेती, संरक्षित खेती, बागवानी मशीनीकरण योजना के तहत कृषक बन्धु अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग योजना के तहत कृषि आधारित कार्य करके कृषक बन्धु अपने जीवन स्तर में सुधार कर रहे हैं, इस दौरान उन्होंने कृषक बन्धुओं से खेती-बागवानी के माध्यम से हो रही आय के सम्बन्ध में जानकारी ली तो कृषक बन्धुओं द्वारा बताया गया।

## मऊ समाचार

### एक साल में उजड़ गया सुहाग, 10 दिन की बेटी के सिर से उठा पिता का साया



**मऊ।** जिले में बीते 24 घंटे से कम अंतराल में कोहरे के चलते चार युवकों ने अपनी जान गंवाई। बुधवार की देर शाम सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम में पास कोहरे के चलते एक बाइक खड़े डंपर से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों मृतक गाजीपुर जिले के निवासी थे। घटना के समय वह मऊ से घर लौट रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलशन यादव (23) पुत्र सीता राम गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के मटेंहू गांव के निवासी थे। बुधवार की शाम वह अपने गांव निवासी मित्र जितेन्द्र राजभर (32) पुत्र नंदलाल राजभर के साथ मऊ जिला मुख्यालय किसी काम से आए थे। वापस लौटते समय वह बढ़ुआ गोदाम के पास पहुंचे ही थे कि घने कोहरे में फोरलेन सड़क पर खड़े डंपर में उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में गुलशन यादव की मौके पर मौत हो गई, जबकि जितेन्द्र राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जितेन्द्र राजभर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत खराब होने पर उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी बृहस्पतिवार की सुबह एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, कोहरे के चलते यह हादसा हुआ है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। हादसे में मृत जितेन्द्र दो भाईयों में छोटा था, परिवार से अलग रहता था। जबकि गुलशन यादव की एक साल पहले शादी हुई थी। दस दिन पहले उसकी एक लड़की पैदा हुई है।

परिवार में खुशी का माहौल था। बृहस्पतिवार को उसके लड़की की सतईसा पूजा थी। घर पर मांगलिक कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही थी। गुलशन दो भाईयों में छोटा था। माता- पिता से अलग रहता था। गुलशन और जितेन्द्र मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। गांव में दोनों की मौत से कोहराम मच गया है। दोनों युवकों की पत्नी और बच्चों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## लाइफ मंत्र

### पौष पुत्रदा एकादशी पर करें इन मंत्रों का जाप, घर में खिल उठेगी खुशियों की रोशनी




हिंदू धर्म में पौष पुत्रदा एकादशी का विशेष महत्व है। यह पवित्र तिथि न केवल मोक्ष की प्राप्ति के लिए, बल्कि विशेष रूप से उन दंपत्तियों के लिए एक आशा की किरण मानी जाती है, जो संतान सुख की कामना कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की सच्ची श्रद्धा से की गई उपासना से वंश वृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि केवल व्रत रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूजा के दौरान यदि विशेष मंत्रों का जाप किया जाए, तो सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। यदि आप भी अपने कुल की उन्नति और घर के चिराग की प्राप्ति के लिए इस एकादशी का व्रत रख रहे हैं, तो पूजा की विधि के साथ इन सिद्ध मंत्रों का प्रभाव आपकी साधना को सफल बना सकता है। तोआइए जानते हैं, पौष पुत्रदा एकादशी पर वे कौन से शक्तिशाली मंत्र हैं, जिनका जाप आपके आंगन को खुशियों से भर सकता है।

**संतान प्राप्ति मंत्र**

**अस्य गोपाल मंत्रस्य, नारद ऋषिः अनुष्टुप छंदः, कृष्णो देवता, म पुत्र कामनार्थ जपे विनियोगः।**

**ऊँ कृष्णाय विद्महे दामोदराय धीमहि तन्नो विष्णु प्रचोदयात्।**

**ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते देहि में तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः।।**

**ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चै।**

**क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलांगाय नमः।**

**ओम बाल शिवाय विदमहे कालिपुत्राय धीमहि तन्नो बटुक प्रचोदयात्।।**

**प्रेम मगन कौशल्या निसिदिन जात न जान। सुत सनेह बस माता बाल चरित कर गान।।**

**ॐ क्लीं गोपालवेषधराय वासुदेवाय हुं फट स्वाहा।।**

**ॐ नमो भगवते जगत्प्रसूतये नमः ।।**

**शान्ताकारं भुजंगशयनं पद्मनाभं सुरेशं विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्ण शुभांगम्। लक्ष्मीकांत कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं वन्दे विष्णु भवभयहरं सर्व लौकेक नाथम**

**यं ब्रह्मा वरुणैन्द्रु रुद्रमरुतः स्तुन्वानि दिव्यै स्तवैवेदेः। सांग पदक्रमोपनिषदै गार्यन्ति यं सामगाः। ध्यानावस्थित तद्गतेन मनसा पश्यति यं योगिनो यस्यातं न विदुः सुरासुरगणा दैवाय तस्मै नमः?**

**संतान स्तोत्र**

**नमोऽस्तु गणनाथाय सिद्धी बुद्धि युताय च। सर्वप्रदाय देवाय पुत्र वृद्धि प्रदाय च।। गुरु दराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते। गोप्याय गोपिताशेष भुवनाय चिदात्मने।। विश्व मूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते। नमो नमस्ते सत्याय सत्य पूर्णाय शुण्डिने।। एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः। प्रपन्न जन पालाय प्रणतार्ति विनाशिने।। शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु। भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गण नायक।। ते सर्वे तव पूजार्थम विरताः स्युःरवरो मतः। पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्व सिद्धि प्रदायकम्।।**

# फायदे का प्लास्टिक



प्लास्टिक को जीवन में उगते, फलते, फूलते ज़माना बीत गया, अब कह रहे हैं कि टमाटर, गाजर, पालक वगैरा में प्लास्टिक के माइक्रो अंश मौजूद हैं। अब सब्जियां भी पहले जैसी कहां रह गई, सब आर्गेनिक हो गई हैं। शिक्षा ज्ञान और जागरुकता के कारण पौधों की जड़ों तक प्लास्टिक के कण पहुंच रहे हैं। हमें प्लास्टिक का आविष्कार करने वाले का दिल और दिमाग़ से शुक्रगुज़ार होना चाहिए। उन परोपकारी सज्जन का नाम लगभग सभी प्लास्टिक प्रेमियों को नहीं पता। सुख देते रहने वाली बात यह है कि दशकों से प्लास्टिक और उसके बायो प्रोडक्ट्स प्रयोग कर रहे हैं। जिस चीज़ में संभव हुआ, उसे हल्का, स्थाई और सस्ता बनाने में प्लास्टिक शामिल कर रहे हैं। प्रसिद्ध ब्रांड, मनपसंद रंग और खूबसूरत आकार के दर्जनों उपयोगी उत्पाद हर परिसर की रौनक हैं। हर फ्रिज में लाइफ टाइम गारंटी वाली प्लास्टिक की बोतल में एक्वा गार्ड से निकला पानी है। पालीहाउस के कारण कितनी ही सब्जियां बारह महीने मिल रही हैं जिन्हें हम पचाए जा रहे हैं। प्लास्टिक, धातु और कांच से हल्का होता है, इसमें जंग नहीं लगता, यह स्वत टूटता फूटता नहीं, जल्दी घिसता नहीं और बहुत सस्ता भी उपलब्ध है। यह बहुपयोगी उत्पाद मेरे दिल के बहुत करीब है। दिल चाहता है इसे प्लास्टिकजी कहा करूं। आम लोगों के लिए प्लास्टिक आसानी से मिलता है। इसे किसी भी आकार में ढालना संभव है। यह बिजली की तारों और उपकरणों के लिए उत्कृष्ट उत्पाद है। काबिल ए तारीफ़ है कि इसकी उपयोगिता और क्वालिटी के हिसाब से, अनगिनत बार पुनर्चकृत कर, नए उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इसे कठोर या लचीला बना सकते हैं। प्लास्टिक से मानवीय शरीर के नकली हिस्से बनाए जा रहे हैं। यह तो इंसान से भी ज़्यादा उपयोगी है जी। मैंने तो इसे मन ही मन प्लास्टिकजी कहना शुरू कर दिया है। हर चीज़ में कोई न कोई कमी रह जाती है जी। इंसान को ही देख लो, कितना अमूल्य दिमाग मिला, प्यार करने के लिए दिल मिला लेकिन इसी इंसान ने ज़िंदगी की सबसे महत्त्वपूर्ण, मां प्रकृति को असीमित नुक्सान पहुंचाया फिर भी कुदरत इंसान का भला ही कर रही है। सृष्टि की सबसे अनुपम कृति इंसान, इंसान और इंसानियत से नफरत करने पर तुला है। दुनिया के शक्तिशाली इंसान ही एक दूसरे के साथ लड़ने मरने पर तुले हैं। प्लास्टिक के कारण हो रहा नुकसान इनसे ज्यादा नुकसानदेह तो नहीं। दुनिया एक दिन खत्म होनी है। ज़िन्दगी एक बार मिली है तभी इंसान ने फायदों के प्लास्टिक से भरा, आरामदायक जीवन चुना। आज बाज़ार, समाज, घर और रसोई में प्लास्टिकजी की अनंत पूछ और सम्मान है। प्लास्टिक को जीवन में उगते, फलते, फूलते ज़माना बीत गया, अब कह रहे हैं कि टमाटर, गाजर, पालक वगैरा में प्लास्टिक के माइक्रो अंश मौजूद हैं। अब सब्जियां भी पहले जैसी कहां रह गई, सब आर्गेनिक हो गई हैं। शिक्षा ज्ञान और जागरुकता के कारण पौधों की जड़ों तक प्लास्टिक के कण पहुंच रहे हैं। मां के दूध, रक्त, समुद्री भोजन को भी उन्होंने अपना बना लिया है लेकिन क्या ज्यादा खतरनाक कण वैमनस्य भरी राजनीति, आपस में बैर सिखाते मज़हब, निरंतर पिलाए जा रहे जातिवाद के पेय, गरीबी और बेरोजगारी से बढ़ते नशे में नहीं है। नगर निगम के सीवेज से निकले, प्लास्टिक फाइबर से भरे कीचड को खाद का नाम देकर, खेतों में डालना ज़्यादा खतरनाक नहीं होता होगा। कभी लचीली, कभी सख्त प्लास्टिक की तरह हो चुके मानवीय सम्बन्ध कम नुकसानदेह होते होंगे।



# शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार व्यंग्य

**राम और श्याम वाली बात को अब काफी समय हो गया है तो अंकल ने कहना शुरू कर दिया है कि उन्होंने एक नहीं डेढ़ दर्जन छोटे बड़े मुहल्लों के नए और पुराने झगड़ों का समापन करवाया है लेकिन नासमझ लोग उनके नेक काम की तारीफ़ नहीं कर रहे। इतना बड़ा और महान काम करने की घोषणा हो रही है और लोगों को परवाह नहीं।**

हम बात करते हैं शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार यानी भले काम करने वालों की मोहल्ले में एक अस्सी बरस के अंकल हैं। पिछले दिनों उन्होंने घोषणा की, कि उन्होंने राम और श्याम की बचपन से चल रही लड़ाई बंद करवा दी है लेकिन न राम ने माना न श्याम ने।

अंकल ने इस बार ज़ोरदार अंग्रेज़ी में कहा कि उन्होंने राम और श्याम का सौ साल पुराना झगड़ा सेटल करा दिया है लेकिन वे दोनों लड़ते हुए उनके पास आए बोले, झूठ मत बोलो अंकल। अंकल ने कहा हमने सबसे ज़रूरी चीज़, यानी शुभ कामनाएं और खूब दुआएं प्रयोग की और तुम्हारी लड़ाई बंद कराई, अब लड़ने का नाटक मत करो।

यह तो माना ही जाता है कि दुआएं काम करती हैं, ठीक वैसे, जैसे बददुआएं भी करती हैं। बंदा शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार चाहिए, कोशिश कैसे सफल न होगी। अंकल ने मन ही मन सार्वजनिक मंच पर पूरा शरीर हिलाकर, ज़ोर से ठहाका लगाकर कहा, कोई नहीं मानेगा कि इनकी लड़ाई कभी मैंने बढ़वाई थी, दोनों को उकसाया, स्वचालित गालियां भिजवाई, स्थानीय डंडे पत्थर, ईंटों और पत्थरों का प्रयोग भी करवाया। हाथापाई भी करवाई। समझदार बंदे इसे मज़ाक ही समझेंगे। यह तो बचपन से ही एक दूसरे के साथ लड़ते थे, सब यही मानते हैं। अब इतने सुगठित, सुलभ, सुसंस्कृत, अनुभवी और निडर विचारों के मालिक कह रहे हैं कि युद्ध बंद करवाया और लोग मज़ाक समझ रहे हैं। उच्च विचार, सुलझी हुई मानसिकता के लोग ऐसी बातों की कभी परवाह नहीं करते कि दूसरे लोग क्या कह रहे हैं। वे मस्त हाथी की तरह चलते रहते हैं, जो करना नहीं होता करते रहते हैं जो खाना होता है छीन कर खा लेते हैं।

राम और श्याम वाली बात को अब काफी समय हो गया है तो अंकल ने कहना शुरू कर दिया है कि उन्होंने एक नहीं डेढ़ दर्जन छोटे बड़े मुहल्लों के नए और पुराने झगड़ों का समापन करवाया है लेकिन नासमझ लोग उनके नेक काम की तारीफ़ नहीं कर रहे। इतना बड़ा और महान काम करने की घोषणा हो रही है और लोगों को परवाह नहीं। सब अपने अपने फोन में, मन और तन पसंद यूटयूब, फेसबुक और इन्स्टाग्राम नामक बाथटब में पसरे हुए हैं। वहीं से अपनी अपनी तारीफ़ हांक रहे हैं। कोई उनसे पूछे, क्या दूसरों की तारीफ़ करने और सुनने का ज़माना गुज़र गया।

अंकल की यशस्वी बात के मद्देनज़र, खुशहाल ज़िंदगी जीने का उचित फार्मूला यही है कि अपनी तारीफ़ आप करते रहो।

इंतज़ार मत करो कि कोई और तारीफ़ करेगा। सब जानते हैं लड़ना, झगड़ना, युद्ध करना अच्छी बात तो नहीं है। लड़ाई झगड़ा रुकवाना, खत्म करवाना अच्छी बात है, मानवता की ओर सकारत्मक कदम है। ऐसा करने वाला व्यक्ति शांति का मसीहा हो सकता है। पता नहीं पुरस्कार देने वाले समझदार लोग, उचित चयन क्यूं नहीं करते। अब उनकी गलतियां सुधारने का समय आ गया है।

सबसे शानदार, जानदार, रोबदार और ज़ोरदार व्यक्ति तो अंकल ही हैं। उन्हें न चुनकर बहुत बड़ी गलती की गई है। अब गलती का सुधार करना होगा। यह मानना ही होगा कि वक़्त बहुत खराब चल रहा है। देखा देखी में अच्छे लोग भी बिगड़ते जा रहे हैं क्यूंकि कोई अच्छा काम करे उसकी तारीफ़ नहीं की जाती, सम्मान देना तो दूर की बात है। कोई बात नहीं, इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। अच्छा, नेक, मानवीय काम करने वाला व्यक्ति तो काम करता रहेगा क्यूंकि वो महान है। छोटी मोटी घटनाओं से महानता कम नहीं हुआ करती।

# ईमानदारों का सम्मेलन



तीसरे सत्र में 'डिजिटल ईमानदारी' पर चर्चा हुई। एक युवा अफ़सर ने कहा—'अब सब ऑनलाइन है। भ्रष्टाचार भी पारदर्शी हो गया है। ट्रांजैक्शन सीधे खाते में आती है, दलालों की ज़रूरत नहीं रही। यह डिजिटल इंडिया की सफलता है।' एक और विद्वान बोले- ''ईमानदारी अब ऐप में मिलती है, वेरिफाई करके डाउनलोड करनी पड़ती है।''

पहली बार जिला मुख्यालय में 'ईमानदारों का राष्ट्रीय सम्मेलन' आयोजित हुआ। स्वागत द्वार पर बड़े अक्षरों में लिखा था—'सच्चाई ही हमारी पहचान है।' नीचे छोटा अक्षर में लिखा था—'प्रायोजकः यूनिवर्सल कंस्ट्रक्शन कंपनी (जिस पर सीबीआई की जांच जारी है)।' मुख्य अतिथि, माननीय मंत्री जी, जिन्होंने हाल ही में अपनी तीसरी पत्नी के नाम पर पाँच एकड़ ज़मीन रजिस्टर कराई थी, मंच पर पहुँचे तो तालियाँ गूँज उठीं। भीड़ में से किसी ने कहा—'यही सच्चे ईमानदार हैं, सब कुछ खुलेआम करते हैं!' मंत्री जी मुस्कुराए। उन्होंने भाषण में कहा—'देश को अब ईमानदारी की कमी नहीं, बस पहचानने की ताकत चाहिए।' भाषण समाप्त होते ही मंच संचालक ने घोषणा की—'अब ईमानदारी सम्मान समारोह होगा।' पुरस्कार स्वरूप मंत्री जी ने हर प्रतिनिधि को घड़ी भेंट की, जिस पर उनका चुनाव चिन्ह खुदा था। पत्रकारों ने पूछा—'घड़ी असली है या नकली?' आयोजक बोला—'घड़ी असली है, बस समय नकली बताती है।'

दूसरा सत्र 'नैतिकता के नए मानदंड' पर था। एक वक्ता, सरकारी बाबू, बोले—'पहले रिश्वत को अपराध माना जाता था, अब यह सहयोग शुल्क कहलाने लगी है। समाज विकासशील है, शब्दावली भी होनी चाहिए।' दूसरे वक्ता, प्राइवेट स्कूल के संचालक, बोले—'हम बच्चों में नैतिकता लाने के लिए जीना कठिन बना देते हैं। फिर जब बच्चा नियम तोड़ने लगे, तो वही असली नागरिक कहलाता है।' सभागार तालियों से गूंज उठा। तभी मंच के पीछे से आवाज़ आई—'कृपया चोरी गई कुर्सियाँ वापस करें।' प्रतिनिधि मुस्कुराए—'ईमानदारी का सम्मेलन है, कुर्सियाँ कहाँ जाएँगी?' कुछ देर बाद पाया गया कि दर्जनभर कुर्सियाँ पार्किंग में बिक्रय हेतु रखी थीं। आयोजक ने घोषणा की—'यह व्यवस्था शुल्क है।' बाबू जी बोले—'वाह, देश आगे बढ़ रहा है!' तीसरे सत्र में 'डिजिटल ईमानदारी' पर चर्चा हुई। एक युवा अफ़सर ने कहा—'अब सब ऑनलाइन है। भ्रष्टाचार भी पारदर्शी हो गया है। ट्रांजैक्शन सीधे खाते में आती है, दलालों की ज़रूरत नहीं रही। यह डिजिटल इंडिया की सफलता है।' एक और विद्वान बोले—'ईमानदारी अब ऐप में मिलती है, वेरिफाई करके डाउनलोड करनी पड़ती है।' तभी मंच के सामने एक गरीब व्यक्ति अपनी फ़ाइल लेकर आया—'बाबू जी, दो महीने से आवेदन लंबित है।' बाबू ने मुस्कुरा कर कहा—'भाई, यह ईमानदारी का सम्मेलन है, सुविधा केंद्र नहीं। यहाँ सिर्फ भाषणों की अनुमति है, काम की नहीं।' वह आदमी चुप हो गया, लेकिन पौधे के पास खड़ा एक बच्चा बोला—'अगर यह ईमानदार हैं, तो हमारे गाँव में झूठे कौन रहते हैं?' सभा मौन हो गई।

पंखे की आवाज़ में ईमानदारी की झिल्ली सी फड़फड़ाने लगी। सम्मेलन के अंत में अध्यक्षीय वक्तव्य हुआ। अध्यक्ष महोदय बोले—'हम सब अपने-अपने क्षेत्र के ईमानदार लोग हैं। मैं डॉक्टर के नाम पर दवा बेचता हूँ, शिक्षक नकली प्रमाणपत्र देता है, अफ़सर काम न करके फ़ाइल दबाता है, नेता जनता को भरोसा देता है—और यही राष्ट्रीय एकता का आधार है।' सभागार ठहाकों से भर गया। उन्होंने कहा—'अगले वर्ष हम 'सच्चाई दिवस' मनाएँगे, बशर्ते प्रायोजक मिल जाए।' बाहर निकलते हुए किसी ने पूछा—'क्या सम्मेलन सफल रहा?' आयोजक हँसा—'पूरा बजट खर्च हो गया, अब तो ईमानदारी साबित है!' रात को शहर लौटने वाले प्रतिनिधियों की बसें चलीं। सड़क किनारे एक ठेला वाला बैठा था, धीरे से बुदबुदाया—'साहब लोग ईमानदार हैं, इसलिए गरीब अब भी ज़िंदा है।' सड़क की बत्तियाँ झिलमिलाईं—शायद वे भी इस नई ईमानदारी पर मुस्कुरा रही थीं।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170